an>

Title: Need to set up Amla (Phyllamthus Emblica) related Food Processing Industries in Pratapgarh (Uttar Pradesh) and to fix Minimum Support Price thereof.

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) : आंवला विटामिन-सी का सबसे अच्छा स्रोत माना जाता है और आयुर्वेद में कई बीमारियों की रोकथाम में काम आता है। आयुर्वेद में आंवले को अमृत तुल्य माना गया है। आंवले की प्रोसेसिंग करने के बाद इससे विभिन्न उत्पाद जैसे कि मुरब्बा, अचार, कैंडी इत्यादि बनाये जाते हैं। विदेशों में आंवले से जुड़े उत्पादों की भारी मांग के कारण आंवला व उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात भी किया जाता है।

मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में आंवले की पैदावार बहुत अधिक मात्रा में होती है। क्योंकि यहां की जलवायु आंवला उत्पादन के अनुकूल है। यहां का आंवला विश्व प्रसिद्ध है, क्योंकि यह रेसा रहित होता है। परन्तु, वस्तुस्थिति यह है कि किसानों को उनके आंवले का उचित मूल्य न मिलने के कारण किसान अब इसकी खेती से किनारा कर रहे हैं। प्रतिवर्ष भारी मात्रा में आंवला उचित मूल्य तथा वहां पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के अभाव में बेकार हो जाता है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में आंवले से जुड़े खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना की जाये, जिससे वहां के बेरोजगार युवकों को रोजगार मिल सके तथा जिस प्रकार गन्ना, गेहूं, चावल इत्यादि का समर्थन मूल्य सरकार द्वारा घोषित किया जाता है, उसी तर्ज पर आंवले का भी समर्थन मूल्य निर्धारित किया जाये ताकि आंवले की फसल की बर्बादी को रोका जा सके और किसानों को उसकी उपज का उचित मूल्य दिया जा सके।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.10 p.m.

13.10 hrs

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Ten Minutes

past Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Twelve Minutes past

Fourteen of the Clock.

(Shri Arjun Charan Sethi *in the Chair*)